ont>

Title: Need to investigate into the recruitment of the Chairman of the Regional Rural Banks in Mainpuri, Uttar Pradesh.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : अध्यक्ष महोदय, मैं बहुत ही महत्वपूर्ण मामला उठाना चाहता हूं। क्षेत्रीय ग्रामीण किसान बैंक पूरे हिन्दुस्तान में चल रहे हैं और इसमें एक नियम भी है कि जिस जनपद में इसकी 50 शाखाएं हों, तो वहां एक चेयरमैन का पद होगा। इसी के तहत मैनपुरी में एक चेयरमैन की नियुक्ति की गई है। वह नियमानुसार नहीं की गई है। वह नियम एवं कानून के तहत नहीं की गई है। मैं चाहता हूं कि इस मामले की जांच हो।

महोदय, चेयरमैन की मनमानी की वजह से वहां के क्षेत्रीय ग्रामीण किसान बैंक के कर्मचारियों को समान वेतन नहीं मिल रहा है, जबकि नियमानुसार पूरे देश के क्षेत्रीय ग्रामीण किसान बैंकों के कर्मचारियों के एक-समान वेतन मिलता है, लेकिन मैनपुरी के क्षेत्रीय ग्रामीण किसान बैंक के कर्मचारी और अधिकारियों को समान वेतन नहीं मिल रहा है। मेरा आपसे माध्यम से सरकार से आग्रह है कि उन्हें समान वेतन दिलाया जाए और वहां जो चेयरमैन या अध्यक्ष हैं उनकी नियुक्ति की जांच कराई जाए और उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

SHRI N.N. KRISHNADAS : In the morning, I was the first person to submit a notice. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Your name is also there.1